## समाचार

# तालाबों जलस्त्रोतों का संरक्षण आज की महती आवश्यकता, राजस्व मंत्री के प्रयास से हो रहे तालाब जीर्णोद्धार के कार्य – महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 55 बलगी में तालाब जीर्णोद्धार उन्नयन कार्य का किया भूमिपूजन )



कोरबा 28 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि तालाबों व जलस्त्रोतों आदि का संरक्षण व संवर्धन आदि की महती आवश्यकता है, घटते जल स्तर को देखते हुए यह और भी अधिक जरूरी हो गया है कि जलस्त्रोतो, तालाबों आदि के संरक्षण व संवर्धन के कार्य व्यापक पैमाने पर किए जाए। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से नगर निगम कोरबा द्वारा अपने अन्य कार्यो के साथ–साथ तालाबों के जीर्णोद्धार, उन्नयन आदि के कार्य कराए जा रहे हैं।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज बलगी में आयोजित तालाब जीर्णोद्धार कार्य के भूमिपूजन अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 55 बलगी में 07 लाख रूपये की लागत से तालाब के जीर्णोद्धार, उन्नयन व नवनिर्माण का कार्य कराया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयासों से निगम क्षेत्र में अन्य विकास कार्यो के साथ–साथ तालाबों के जीर्णोद्धार, उन्नयन व नवनिर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र विशेषकर कोरबा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दर्री व बांकीमोंगरा क्षेत्रों में पेयजल की कठिन व पुरानी समस्या थी, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा पश्चिम क्षेत्र की पेयजल की समस्या का सम्पूर्ण निदान किया गया है, जिससे हम सभी अवगत हैं। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से निगम का वह कार्यकाल क्षेत्र के विकास में व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं

की उपलब्धता की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है, व्यापक पैमाने पर विकास कार्य हुए, बरसों से चली आ रही समस्याएं दूर हुई तथा कोरबा नगर निगम क्षेत्र की दिशा व दशा बदली।

**तालाब जीर्णोद्धार के लिए राजस्व मंत्री व महापौर का आभार** – इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद मस्तुल सिंह कंवर ने कहा कि मेरे वार्ड में तालाब के जीर्णोद्धार, उन्नयन व नवनिर्माण का कार्य कराया जा रहा है, इससे वार्ड, बस्ती के लोगों के निस्तारी की समस्या दूर होगी, मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के प्रति आभारी हूॅं कि उनकी बदौलत यह महत्वपूर्ण कार्य कराया जा रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य मस्तुल सिंह कंवर, रोपा तिर्की, पार्षद बुधवारसाय यादव व प्रेमचंद पाण्डेय, एल्डरमेन मनीराम साहू, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता योगेश राठौर, देवेन्द्र स्वर्णकार आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।